वृहद् कौशल एवं सेवायोजन रोज़गार मेले का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

28 दिसंबर, 2021 को हल्द्वानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं संसदीय कार्य, शहरी विकास मंत्री बंशीधर भगत ने संयुक्त रूप से वृहद् कौशल एवं सेवायोजन रोज़गार मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने 42 युवाओं एव युवतियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये।

प्रमुख बिंदु

- इस मेले का आयोजन कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा किया गया है।
- मेले मे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार द्वारा पूरे प्रदेश के जनपदों में रोज़गार मेले का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इन मेलों से युवाओं को रोज़गार के अवसर मिल रहे हैं। रोज़गार मेले के लिये प्रदेश के बेरोज़गार युवा घर बैठे पंजीकरण करा सकते हैं।
- मुख्यमंत्री धामी ने कहा सरकार का मुख्य उद्देश्य रोज़गार के साथ-साथ स्वरोज़गार को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे 3700 होम स्टे पंजीकृत हैं जिसके अंतर्गत 8000 युवा एवं युवतियों को स्वरोज़गार मिल रहा है।
- उन्होंने कहा जिन विभागों में पद रिक्त हैं जल्दी से जल्दी भरने का कार्य किया जा रहा है। सरकार रोज़गार के साथ-साथ स्वरोज़गार के लिये वीर चंद्र गढ़वाली योजना में धनराशि को 25 लाख रुपए तक बढ़ाने का प्रावधान किया है साथ ही होमस्टे में और सब्सिडी बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।
- उन्होंने कहा कि सरकार ने सरकारी नौकरियों के लिये एक वर्ष की आयु सीमा बढ़ा दी है तथा प्रदेश मे परीक्षा के फार्म के आवेदन शुल्क भरने के लिये आवेदक को कोई शुल्क नहीं देना होगा इसके साथ ही आईएएस, पीसीएस, एमबीबीएस, लोक सेवा आयोग की तैयारियों हेतु जो बच्चे प्रीक्वालीफाई कर देते हैं उन्हें आगे की तैयारियों हेतु 50 हज़ार रुपए सरकार द्वारा दिये जा रहे हैं।
- उन्होंने कहा सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के सभी युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार से जोड़ा जाएगा। एचएन इंटर कालेज मे वृहद् कौशल एवं सेवायोजन मेले में प्रदेश की 35 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
- रोज़गार मेले में विभिन्न जनपदों से आए 1150 युवा एवं युवतियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इस अवसर पर तीन कंपनियों द्वारा 162 युवाओं का वर्चुअल ऑनलाइन इंटरव्यू कर 7 लोगों को नियुक्ति दी गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-mega-skill-and-employment-fair